Bareilly, Monday,
13 March 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण

आइएमए को हराकर विजेता बना दैनिक जागरण

जागरण संवाददाता, बरेली : एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड भोजीपुरा में खेली जा रही त्रिकोणीय सीरीज की विजेता दैनिक जागरण की टीम बनी। रविवार को हुए फाइनल मुकाबले में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी और दमदार गेंदबाजी के दम पर दैनिक जागरण की टीम ने आइएमए को 73 रनों से हराकर फिटनेस , कप जीता।

क्रिकेट मुकाबले में टास जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी दैनिक जागरण की टीम की शुरुआत अच्छी रही। राहुल कपूर के ताबड़तोड़ 79 रन, आकाश कुमार के 35 रन और कैलाश के 24 रनों की सहायता से 177 रनों का स्कोर खड़ा किया। आइएमए की ओर से आरपी सिंह ने चार विकेट चटकाए। जवाब में आइएमए इलेवन की शुरुआत खराब रही। आइएमए के शीर्ष क्रम को गेंदबाज सुनील सिंह ने ध्वस्त कर दिया। इसके बाद मध्य क्रम ने कुछ प्रयास किए, लेकिन बढ़ते रनरेट के दबाव में वे भी बिखर गए। पूरी टीम 104 रनों पर पवेलियन लौट गई। जागरण की ओर से राहुल कपूर ने चार और सुनील सिंह ने तीन विकेट लिए। दैनिक जागरण बरेली एवं मुरादाबाद यूनिट के संपादकीय प्रभारी जय प्रकाश पांडेय, आइएमए के अध्यक्ष डा. विनोद पागरानी, प्रदेश उपाध्यक्ष डा. रवीश अग्रवाल, डा. राजेश कुमार ने दैनिक जागरण टीम के कप्तान डा. मुदित चतुर्वेदी, आइएमए के कप्तान डा. आरके सिंह और एसआरएमएस के कप्तान आदित्य मूर्ति के साथ ही अन्य खिलाड़ियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया। इस दौरान डा. अनूप आर्य, डा. आरके सिंह, डा. राजीव गोयल, आइडीए की अध्यक्ष इला अरोरा, डालिमा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

त्रिकोणीय शृंखला की विजेता दैनिक जागरण की टीम के साथ उपविजेता आइएमए व एसआरएमएस टीम के खिलाड़ी एवं आयोजक • जागरण

- **दैनिक जागरण की टीम ने एकतरफा मुकाबले में 73 रनों से हासिल की जीत**
- **एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड में खेली गई त्रिकोणीय सीरीज का हुआ समापन**

मैन आफ द मैच, राहुल कपूर, बेस्ट बल्लेबाज, दिलप्रीत सिंह, बेस्ट गेंदबाज ऋषभ मिश्रा, प्लेयर आफ द टूर्नामेंट, डा. आरपी सिंह, लीग मुकाबलों के मैन आफ द मैच : डा. अतुल गंगवार, आइएमए, दिलप्रीत सिंह, दैनिक जागरण, यूसुफ एसआरएमएस

जानें एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड के बारे में

एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड बीसीसीआइ की ओर से कूच बिहार ट्राफी का अधिकृत क्रिकेट मुकाबला कराने वाला ग्राउंड है। इस ग्राउंड में अंतरराज्यीय टूर्नामेंट भी हो चुका है। कोच मनीष सिंह के निर्देशन में शंकर पाल गंगवार ने ग्राउंड को बेहद आकर्षक बनाया है, जो खिलाड़ियों को भा रहा है। एसआरएमएस मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. एसबी गुप्ता, डा. आयुष गर्ग, डा. पवन मेहरोत्रा, डा. विश्वजीत सिंह ने तैयार कराया।